| Roll No. | | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 63 ]
Total No. of Questions : 63 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 24
[ Total No. of Printed Pages : 24

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H** **ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 06-H** **Subject : First Language — HINDI**

ದಿನಾಂಕ : 18. 06. 2013 ]
[ Date : 18. 06. 2013

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 09-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 09-30 A.M. to 12-45 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 125 ]
[ Max. Marks : 125

## FOR OFFICE USE ONLY

| Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks | | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | 14. | | | 27. | | | 40. | | | 53. | |
| 2. | | | 15. | | | 28. | | | 41. | | | 54. | |
| 3. | | | 16. | | | 29. | | | 42. | | | 55. | |
| 4. | | | 17. | | | 30. | | | 43. | | | 56. | |
| 5. | | | 18. | | | 31. | | | 44. | | | 57. | |
| 6. | | | 19. | | | 32. | | | 45. | | | 58. | |
| 7. | | | 20. | | | 33. | | | 46. | | | 59. | |
| 8. | | | 21. | | | 34. | | | 47. | | | 60. | |
| 9. | | | 22. | | | 35. | | | 48. | | | 61. | |
| 10. | | | 23. | | | 36. | | | 49. | | | 62. | |
| 11. | | | 24. | | | 37. | | | 50. | | | 63. | |
| 12. | | | 25. | | | 38. | | | 51. | | | × | |
| 13. | | | 26. | | | 39. | | | 52. | | | × | |
| ***Total Marks*** | | | | | | | | | | | | | |

| Total Marks in words | | Grand Total | |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ✓ | | | |
| 2. ✓ | | ✓ | ✓ |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* |

[ Turn over

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **63** प्रश्न हैं ।

ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न के लिये जगह प्रत्येक प्रश्न के साथ दिया गया है । आपको सही विकल्प को चुनना है एवं प्रदत्त जगह में संकेताक्षर सहित पूर्ण उत्तर लिखना है ।

iii) गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए प्रत्येक प्रश्न के साथ पर्याप्त जगह दिया गया है । आपको उसी जगह में प्रश्न के उत्तर देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्न हेतु दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम एवं मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान पूर्ति एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

I. प्रत्येक प्रश्न के **चार** विकल्प दिये गये हैं । सही विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दी गयी जगह पर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $15 \times 1 = 15$

1. सबसे बुद्धिहीन जानवर है

(A) गाय (B) बैल

(C) गधा (D) कुत्ता ।

उत्तर : ____________________

2. एक पुरुषार्थ किस देश में जागा है ?

(A) भारत (B) चीन

(C) पाकिस्तान (D) अमेरिका ।

उत्तर : ____________________

3. रोहतास दुर्ग किस नदी के पास है ?

(A) शोण नदी (B) गंगा नदी

(C) रूपनारायण नदी (D) यमुना नदी ।

उत्तर : ____________________

4. रथीन बाबू की पत्नी का नाम था

(A) कलावती (B) मायावती

(C) यशवंती (D) दमयंती ।

उत्तर : ____________________

5. सबसे जहरीला पदार्थ है

(A) सल्फर (B) मिथाइल

(C) नाइट्रस (D) साइनाइड ।

उत्तर : ____________________

6. मैथिलीशरण गुप्तजी का जन्म किस गाँव में हुआ ?

(A) झाँसी (B) अल्मोड़ा

(C) राजापुर (D) चिरगाँव ।

उत्तर : ____________________

7. मानव जीवन में किनको गौरव मिलता है ?

(A) जो संघर्ष करते हैं (B) जो दुखी होते हैं

(C) जो गौरव नहीं खोते हैं (D) जो खुश रहते हैं ।

उत्तर : ____________________

8. पंतजी को "चिदम्बरा" काव्य के लिए कौन पुरस्कार मिला ?

(A) पद्मभूषण (B) ज्ञानपीठ

(C) साहित्य अकादमी (D) पद्मविभूषण ।

उत्तर : ____________________

9. हारिल के हाथ में है

(A) तिनका (B) लकड़ी

(C) मिट्टी (D) रोटी ।

उत्तर : ____________________

10. 'बसन' का अर्थ है

(A) बसना (B) अमर होना

(C) वस्त्र (D) वासना ।

उत्तर : ____________________

11. जो सब कुछ जानता है

(A) ज्ञानी (B) बुद्धिजीवी

(C) महाज्ञानी (D) सर्वज्ञ ।

उत्तर : ____________________

12. राम खाना खाता है — यह वाक्य किस प्रकार का है ?

(A) मिश्र वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) जोड़ी ।

उत्तर : ____________________

13. 'उपसर्ग' का उदाहरण है

(A) जहरीला (B) निर्बल

(C) अपनापन (D) महानता ।

उत्तर : ____________________

14. संज्ञा है

(A) मैसूर (B) गहरा

(C) अच्छा (D) उन्होंने ।

उत्तर : ____________________

15. 'अन्धकार' का विलोम शब्द है

(A) अन्धेरा (B) प्रकाश

(C) अन्धा (D) अन्धापन ।

उत्तर : ____________________

II. खाली जगह भरिए : 5 × 1 = 5

16. द्विवेदी जी ने .................................. पत्रिका का संपादन किया ।

____________________

17. 'सिक्खों' का धर्मग्रन्थ .................................. है ।

____________________

18. मानव जीवन में .................................. बारी-बारी से आते हैं ।

____________________

19. मरण का शृंगार .................................. में हो रहा है ।

____________________

20. 'पदोन्नति' .................................. संधि है ।

____________________

III. जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5

21.

| | "अ" | | "आ" |
|---|---|---|---|
| i) | चूडामणि | A) | मानव और विज्ञान |
| ii) | आयरिश कवि | B) | घनाक्षरी छंद |
| iii) | आत्मा का अपमान | C) | रोहतास के मंत्री |
| iv) | प्रकृति पर सर्वत्र आसीन | D) | रति से किया प्यार |
| v) | कवित्त छंद | E) | विजयी पुरुष |
| | | F) | जेम्स कसिन्स |
| | | G) | सोरठा छंद |
| | | H) | पुट्टप्पा |

उत्तर : i) ______________________

ii) ______________________

iii) ______________________

iv) ______________________

v) ______________________

IV. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 10 × 1 = 10

22. बैलों ने मन ही मन क्या सोचा ?

______________________

______________________

23. तुलसी की वेदी किसके आँगन में अवश्य मिलती है ?

______________________

______________________

24. हुमायूँ ने मिर्ज़ा से क्या कहा ?

25. पाखाने से लौटकर शरत बाबू ने क्या देखा ?

26. श्वास कैंसर का मुख्य कारण क्या है ?

27. सूरदास के गुरु कौन थे ?

28. हारिल किसे चीरकर उड़ रहा है और कहाँ हलचल मचा रहा है ?

29. राधा पवन को क्या लाने के लिए कहती है ?

30. 'दुश्शासन' शब्द का संधि विच्छेद कर नाम लिखिए ।

31. 'कर' शब्द का भिन्नार्थ लिखिए ।

V. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दो-दो** वाक्यों में लिखिए : 15 × 2 = 30

32. हीरा-मोती देखने में कैसे थे ?

33. लेखक के अनुसार दयनीय निन्दक की क्या हालत होती है ?

34. गौरैयों के दाने चुगने से क्या-क्या लाभ होता है ?

35. ममता ने कुटिया में हुमायूँ को क्यों आश्रय दिया ?

36. शरतबाबू ने नागरजी को क्या उपदेश दिया था ?

37. कुवेंपुजी के पारिवारिक जीवन के बारे में लिखिए ।

38. जीवन में सुख-दुख के रूप में क्या-क्या हैं ? किसे छंदों में बाँधना संभव नहीं है ?

39. गोपियों ने उद्धव से निर्गुण के बारे में क्या पूछा ?

40. संसार की क्षणभंगुरता के बारे में कवि क्या कहते हैं ?

41. ''जीवन साधन की अवहेलना'' किस वीर का कर्म नहीं है ?

42. निम्न पद्य भाग को पूरा कीजिए :

कनक–कनक ..........................................................................................

.......................................................................................................... बौराय ।

43. निम्न पद्य भाग को पूरा कीजिए :

एक अनल है ...........................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

............................................................................................. अगणित रूपाकार ।

................................................................................................. कितना विस्तार ।

44. समास किसे कहते हैं ? **दो** उदाहरण दीजिए ।

45. ''वे घर आ गए ।'' इस वाक्य को वर्तमान और भविष्यत् काल में लिखिए ।

46. ''गुबार निकालना'' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **चार-पाँच** वाक्यों में लिखिए : 3 × 3 = 9

47. द्विवेदी जी पत्रिका की भाषा में किन बातों पर ध्यान देते थे ?

48. कुवेंपु जी कौन-कौन से सम्मानों से अलंकृत हुए ?

49. हमारी एकता का मूल सूत्र क्या है ?

संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 3 × 3 = 9

50. ''भेद तो रात्रि के अन्धकार में ही मिटता है, दिन के उजाले में भेद स्पष्ट हो जाते हैं ।''

51. ''देखो अमरीत, यह मेरी मेज है । इसी पर मैंने अपनी प्रायः सभी किताबें लिखी हैं ।

52. माखन रोटी ............................................ हित जदु तात ।

53. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए : 3

को घटि, ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर ॥

54. छन्द पहचानकर नाम लिखिए : 3

मैं समुझ्यौ निरधार, यह जगु काँचो काँच सौ ॥

कवि परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

55. तुलसीदास :

i) जन्मस्थान

ii) जन्म–मरण

iii) ग्रन्थों के नाम

iv) उनके बारे में जानकारी ।

56. रामधारी सिंह 'दिनकर' :

i) जन्मस्थान

ii) जन्म–मरण

iii) ग्रन्थों के नाम

iv) उनके बारे में जानकारी ।

VII. निम्न प्रश्नों के उत्तर **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

57. रथीन बाबू की पत्नी और बच्चों का जीवन कैसे बीता था ?

58. पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का मुख्य कारण क्या है ?

कवि और कविता का नाम बताते हुए सरल हिन्दी में भावार्थ लिखिए : 2 × 4 = 8

59. सुनिए सब की कहिए न कछु, रहिए इमि या भव-बागर में ।
करिए ब्रत नेम सचाई लिए, जिनतै तरिए भव सागर में ।
मिलिए सब सों दुरभाव बिना, रहिए सतसंग उजागर में ।
रसखानि गुविन्दहि यों भजिए, जिमि नागरि को चित्त गागर में ।

60. सुखी जाती मलिन लतिका जो धरा में पड़ी हो ।
तो पाँवों के निकट उसको श्याम के ला गिराना ।
यों सीधे प्रकट करना प्रीति से वंचिता हो ।
मेरा होना अति मलिन औ सूखने नित्य जाना ॥

[ Turn over

61. पत्र लेखन : 4

अपनी पाठशाला में मनाये गये "बाल दिवस" के बारे में अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने कक्षाध्यापक के नाम बीमारी की वजह बताते हुए एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

VIII. 62. निम्न में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1 × 5 = 5

i) पर्यावरण प्रदूषण

ii) दूरदर्शन

iii) विज्ञान वरदान है या अभिशाप ।

IX. 63. निम्न गद्य भाग को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

छात्र-जीवन साधना का जीवन है । वर्तमान युग में साधना का अभाव दिखाई दे रहा है । इससे उसकी अपनी हानि हो रही है । वह अपने उद्देश्य की प्राप्ति में सफल नहीं हो पायेगा । उच्च शिक्षा का तात्पर्य ऊँची डिग्री ही पाना नहीं है, अपितु विद्यार्थी में शिक्षा द्वारा प्राप्त गुणों की उच्चता है । विद्यार्थी जीवन भावी जीवन की नींव तैयार करता है । अत: प्रत्येक विद्यार्थी को आदर्श विद्यार्थी बनने का प्रयास करना चाहिए ।

i) छात्र-जीवन कैसा है ?

ii) वर्तमान समय में कैसी प्रवृत्ति दिखाई देती है ?

iii) उच्च शिक्षा का क्या तात्पर्य है ?

iv) 'हानिकारक' शब्द का विलोम क्या है ?

v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।